Study Tour

अनेकांत एज्युकेशन सोसायटी का,

तुळजाराम चतुरचंद महाविद्यालय, बारामती

हिंदी विभाग

* शैक्षिक सफ़र अहवाल *

शैक्षिक वर्ष 2022-23 में हमारे महाविद्यालय के राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा के अंतर्गत हिंदी विभाग द्वारा दिनांक 25 फरवरी 2023 को 'भिलार गाँव' यहाँ शैक्षिक सफ़र का आयोजन किया गया था | महाराष्ट्र में भिलार गाँव यह ऐसा पहला गाँव है, जो 'किताबों का गाँव' के रूप में प्रसिद्ध है | इस नई संकल्पना से अवगत कराने के उद्देश्य से हिंदी विभाग के छात्रों ने भिलार गाँव को भेंट दी | सही अर्थ में यह गाँव एक नई संकल्पना लेकर चल रहा है | इस गाँव में भेंट देने के बाद पता चला कि गाँव के हर एक घर में आने वाले पाठकों के लिए किताबें उपलब्ध हैं | साथ ही उन्हें बैठने तथा रहने की सुविधा भी की जाती है | साहित्य की विभिन्न विधाओं के अनुसार हर एक घर में अलग-अलग विधाओं की पुस्तकें राखी गई हैं, जो पाठकों की रूचि के अनुसार पढ़ सकें | इस गाँव में मराठी और अंग्रेजी साहित्य की सबसे अधिक किताबें हैं| साथ ही संस्कृत, हिंदी और गुजराती भाषा की किताबें भी कम मात्र में उपलब्ध हैं | पढ़ने में रूचि रखने वाले पाठकों तथा संशोधन करने वाले छात्रों की दृष्टी से यह बहुत ही उपयुक्त हैं | महाराष्ट्र सरकार ने वाचन संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस गाँव को आर्थिक सहायत्ता प्रदान की दी | साथ ही यहाँ पर आने वाले लोगों द्वारा भी किताबें भेंट दी जाती हैं |

हमारे महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. चंद्रशेखर मुरुमकर सर और रूसा के समन्वयक डॉ. रामचन्द्र सपकल जी के कारण इस भिलार गाँव को भेंट देने का सौभाग्य हमारे विभाग के छात्रों को प्राप्त हुआ | अतः मैं हिंदी विभाग की ओर से महाविद्यालय के प्रधानाचार्य, सभी उपप्रधानाचार्य, रूसा समन्वयक, महाविद्यालय का शैक्षिक सफर विभाग इन सभी के प्रति हृदय से आभार ज्ञापित करता हूँ |

इस शैक्षिक सफ़र में विभाग कुल 17 छात्र तथा 02 अध्यापकों ने सहभाग लिया था |

धन्यवाद !

Forwarded to principal
[signature]
3/3/2023

Noted
VB/IQAC
[signature] 4.3.

तु.च.कॉलेज,बारामती
आवक नंबर: SL 328
दिनांक: 4 FEB 2023

आपला विश्वासू

[signature]

(डॉ. प्रदीप रेवाप्पा सरवदे)
अध्यक्ष, स्नातक एवं स्नातकोत्तर हिंदी विभाग,
तुळजाराम चतुरचंद महाविद्यालय,
बारामती, जि.पुणे(413102)

Department of Hindi